## साइबर ठगों ने उड़ाए खाते से 43 हजार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 12 स्थित बरौली खलीलाबाद के गांधी ग्राम में रहने वाले एक व्यक्ति को गेम के चक्रव्यूह में फंसा कर 43 हजार रुपए ठग लिए, पीड़ित ने साइबर सेल को सूचना देने के बाद पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। अशोक कुमार पिता का नाम स्व० बुन्दी, गांधी ग्राम, बरौली खलीलाबाद विरुरा थाना पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बैंक खाता कोटक महिंद्रा में है। उनके फोन पर बीते 30 दिसम्बर को एक लिंक आया और फोन कर गेम खेलने का ऑफर दिया, वह किसी तरह का कोई गेम नहीं जानता, लेकिन उनके द्वारा बताए गए बातों को करने से 43 हजार रुपया ठग लिया गया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## साड़ी के सहारे व्यक्ति ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जबरौली गांव में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक अधेड़ व्यक्ति ने साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक की पहचान 50 वर्षीय दयाशंकर पुत्र नन्हे राम के रूप में हुई घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं गांव में शोक और दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों द्वारा शव को नीचे उतारकर सुरक्षित रखा गया था प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका ग्रामीणों के अनुसार मृतक नशे का आदी था और कोई स्थायी कार्य नहीं करता था। बताया गया कि वह अक्सर इधर-उधर मांगकर अपना जीवन यापन करता था और इसी वजह से मानसिक तनाव में भी रहता था हालांकि पुलिस आत्महत्या के पीछे के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मोहनलालगंज पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी हुई घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन, 24 जनवरी से एक फरवरी तक होंगी परीक्षाएं

लखनऊ। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से एक फरवरी तक होंगी। सम्मिलित होने वाले विज्ञान वर्ग के परीक्षार्थियों को उनके मुख्य विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में शंका समाधान के लिए हेल्पलाइन शुरू होगी। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डा.दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय प्रयोग परामर्श हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी, जिसमें विज्ञान वर्ग के तीनों मुख्य प्रयोगात्मक विषयों के विषय विशेषज्ञ मौजूद होंगे। प्रयोगात्मक परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान प्रत्येक के लिए अधिकतम 30 अंक निर्धारित हैं,

# कंकाल कही गुमसुदा पूनम का तो नही

### खेत में नर कंकाल मिलने से सनसनी ग्रामीणों मे चर्चा कंकाल कहीं गुमशुदा महिला पूनम तो नही

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के कुबाहरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर स्थित सरसों के खेत में एक नर कंकाल पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना मिलते ही नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की मौके पर पाया गया कंकाल अत्यधिक क्षत-विक्षत अवस्था में था जिससे प्रथम दृष्टया मृतक की पहचान और मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल सका कंकाल के पास कुछ कपड़े भी पड़े मिले इन्हें देखकर कुबाहरा गांव निवासी पीतांबर ने आशंका जताई कि ये कपड़े उनकी पत्नी पूनम की साड़ी के हो सकते उल्लेखनीय है कि पीतांबर की पत्नी पूनम की गुमशुदगी बीते 13 दिसंबर को नगराम थाने में दर्ज कराई गई थी



लेकिन तब से उसका कोई सुराग नहीं लग सका पुलिस के अनुसार संदिग्ध कंकाल गुमशुदा महिला के घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर पाया गया जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई सूचना पर फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया टीम द्वारा कंकाल कपड़ों और आसपास के क्षेत्र से जुड़े साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से परीक्षण और संकलन किया गया साथ ही घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराकर साक्ष्यों को सुरक्षित किया गया। पुलिस ने नियमानुसार मौके पर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर कंकाल को विधिवत सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी जांच के दौरान पुलिस को यह भी ध्यान में है कि गुमशुदगी की पूर्व जांच में यह तथ्य सामने आया था कि पूनम और उसके पति के बीच पड़ोस में रहने वाले आशीष से फोन पर बातचीत को लेकर विवाद हुआ था। बताया गया था कि इसी विवाद के बाद पति ने पूनम का मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया था इस बिंदु को भी वर्तमान जांच में महत्वपूर्ण कड़ी मानते हुए खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यदि कंकाल की शिनाख्त पूनम के रूप में होती तो यह जांच का विषय होगा कि उसकी मृत्यु दुर्घटनावश हुई या किसी प्राकृतिक कारण जैसे सांप के काटने या हृदयाघात से हुई अथवा इसके पीछे कोई अन्य कारण शिनाख्त की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही जिसके लिए आवश्यक नमूने एकत्र कर परिजनों से मिलान कराया जाएगा। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया मामले की जांच हर पहलू से निष्पक्ष और गंभीरता के साथ की जा रही पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पूरे गांव में दहशत और चचाओं का माहौल बना हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में घायल रिटायर्ड सेना के हवलदार की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना में घायल रिटायर्ड सेना के हवलदार की बुधवार तड़के कमान हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनी नगर के अमौसी गांव में रहने वाले ओमप्रकाश पांडे (62) सेना में हवलदार पद से रिटायर्ड होने के बाद एक बैंक में काम कर रहे थे। बीते वर्ष वह बैंक से भी रिटायर्ड हो गए थे। सोमवार को ओमप्रकाश कैंट स्थित अपने सेना के ऑफिस में किसी काम से गए थे। जहां से सोमवार रात करीब 10:30 बजे बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी सरोजनी नगर में नादरगंज - अमौसी रेलवे स्टेशन रोड स्थित गिंदनखेड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए कैंट स्थिति कमांड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बुधवार तड़के करीब 4 बजे ओम प्रकाश पांडे की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी पुष्पा के अलावा एक 24 वर्षीया अविवाहित बेटी चारु पांडे है।

# हरौनी रेलवे ओवरब्रिज का कार्य बना नासूर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर ब्रिज को लेकर लगातार लिखा जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य की गति आज भी जस की तस बनी हुई है। अब सवाल यह उठता है कि इस अत्यधिक देरी का जिम्मेदार पुल निर्माण कर रही स्कैच कंपनी है या फिर रेलवे विभाग के अधिकारी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इस पुल को बनते हुए दो वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन कार्य की रफ्तार में कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे में सरकार के नुमाइंदों और रेलवे विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से यह सवाल पूछा जाना लाज़िमी है कि आखिर भोली-भाली जनता और स्थानीय व्यापारियों को कब तक इस परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार स्वयं को जनता की सरकार, गरीबों और व्यापारियों की हितैषी सरकार बताती है, लेकिन हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहा यह फ्लाईओवर ब्रिज जनता और व्यापारियों—दोनों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। बीते कई वर्षों से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित है, वहीं आम जनता को रोजाना जर्जर और बदहाल सड़कों से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हरौनी ओवरब्रिज अब जनता और व्यापारियों के लिए नासूर बन चुका है। रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक ब्लॉक देने में लगातार हीलाहवाली की जा रही है, जिसके कारण न तो गर्डर रखने का कार्य हो पा रहा है और न ही गर्डर खिसकाने की प्रक्रिया शुरू हो सकी है। न गर्डर रखने का काम आगे बढ़ पाया और न ही निर्माण कार्य में कोई ठोस प्रगति नजर आ रही है। इस पूरे मामले में रेलवे विभाग की भूमिका साफ तौर पर सवालों के घेरे में है। वर्तमान समय में पुल निर्माण कार्य में सबसे बड़ा रोड़ा रेलवे विभाग ही बना हुआ है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और हरौनी की जनता व व्यापारियों को इस लंबे इंतजार से आखिर कब राहत मिलती है।

# कसा शिकंजा, बिजली उपभोक्ता अब साल में दो बार ले सकेंगे सेल्फ रीडिंग का लाभ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश बिजली विभाग उपभोक्ताओं को सेल्फ रीडिंग से बिल बनवाने का अवसर तो देता है, लेकिन चंद लोगों की गलतियों के खामियाजा बड़ी संख्या में लोगों को उठाना पड़ता है। बिजली स्टोरेज के कई मामले सामने आने के बाद विभाग योजना ही बदल देता है। एक बार फिर सेल्फ रीडिंग का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन साल में दो बार।

केस एक- गोमती नगर के विकास खंड में एक उपभोक्ता ने बिजली यूनिट खर्च की आठ सौ यूनिट का सेल्फ रीडिंग के तहत सिर्फ 375 यूनिट का बिल बनवाया। काउंटर पर बैठे कर्मी ने ट्रस्ट रीडिंग यानी सेल्फ रीडिंग के तहत बिल बनाकर दे दिया। यह क्रम कई वर्ष चल रहा था। एक बार बिजली विभाग की टीम घर पहुंच गई। जांच की तो मौके पर पांच हजार यूनिट स्टोर पायी। जुमार्ना लगाकर हजारों का बिल वसूला गया। अभियंताओं ने ऐसा करने का कारण पूछा तो उपभोक्ता कोई उचित जवाब नहीं दे सका और माफी मांगने लगा।

केस दो- आशियान में भी सरकारी विभाग में कार्यरत एक होशियार उपभोक्ता ने पांच किलोवाट का कनेक्शन ले रखा था। घर में बिजली की खपत ठीक ठाक थी। करीब दो हजार वर्ग फिट में बने घर को देखकर कोई नहीं कर सकता था कि हर महीना बिजली बिल बारह से पंद्रह सौ रुपये आएगा। जांच की गई तो पता चला कि संबंधित व्यक्ति एक से पांच तारीख के बीच में आते हैं और समय से बिल जमा करके चले जाते हैं। अभियंताओं को शक हुआ, जांच कराई तो साढ़े तीन हजार यूनिट से अधिक की स्टोर रीडिंग मिली। मौके पर जुमार्ना लगाकर बिल वसूला गया। ऐसे ही चंद उपभोक्ताओं के कारण सही उपभोक्ताओं को भी अब सेल्फ रीडिंग का लाभ नहीं मिल सकेगा।

साल में सिर्फ दो माह सेल्फ रीडिंग

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने सेल्फ रीडिंग यानी ट्रस्ट रीडिंग की सुविधा अब सिर्फ साल में दो माह देने का निर्णय किया है। अगर साल में लगातार दो बार यह सुविधा का लाभ उठा लिया तो तीसरे माह बिल रीडिंग लेकर नहीं बनवा सकेंगे। बिजली विभाग की इस सख्ती से उन उपभोक्ताओं को कुछ समय के लिए परेशानी उठानी पड़ सकती है, जिनके यहां मीटर रीडर नियमित रूप से नहीं आते हैं और उपभोक्ता ईमानदारी से मीटर रीडिंग का वीडियो बनाकर बिल जमा करते थे। बिजली विभाग को जहां हर माह कुल खपत का राजस्व मिलेगा। वहीं उपभोक्ताओं के परिसर में मीटर रीडर नियमित रूप से हर माह भेजने पर जोर देना होगा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक (वाणिज्य) योगेश कुमार ने बताया गलत रीडिंग के मामले बढ़ने पर यह निर्णय किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पूरी तरह बंद नहीं की गई है। इसको सिर्फ साल में दो माह के लिए कर दिया गया है। दो माह से ज्यादा का सेल्फ रीडिंग का लाभ कोई उपभोक्ता नहीं ले सकता।

## कल्ली पश्चिम बाजार में ई-रिक्शा एजेंसी में चोरी का प्रयास, घटना सीसीटीवी में कैद



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम बाजार में चोरों ने एक ई-रिक्शा एजेंसी को निशाना बनाते हुए चोरी का प्रयास किया, हालांकि वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव निवासी रवि प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कल्ली पश्चिम बाजार में उनकी उषा इंटरप्राइजेज नाम से ई-रिक्शा की एजेंसी संचालित है। मंगलवार देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर जांच करने पर पाया गया कि एजेंसी में रखा सारा सामान सुरक्षित है। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो सामने आया कि एक कार से तीन लोग उतरे और उन्होंने दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि, बड़े शटर का ताला नहीं तोड़ पाने के कारण आरोपी चोरी करने में असफल रहे और मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान करने और उनकी तलाश के लिए जांच तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## रहमान खेड़ा में तेंदुआ नहीं, जंगली जानवर ने किया था नीलगाय पर हमला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहमान खेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को उपोष्ण बागवानी संस्थान के जंगल क्षेत्र में नीलगाय के एक शावक का शव मिलने के बाद तेंदुए द्वारा शिकार किए जाने की सूचना फैल गई, जिसके चलते बुधवार को वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और कांबिंग अभियान चलाया। वन कर्मियों ने जंगल और आसपास के इलाकों में काफी देर तक कांबिंग की, लेकिन इस दौरान तेंदुए के कोई पगचिह्न नहीं मिले। वहीं मृत पाए गए नीलगाय के शावक की प्रारंभिक जांच में भी तेंदुए के हमले से मौत की पुष्टि नहीं हो सकी। शावक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। एसडीओ चंदन कुमार चौधरी ने बताया कि तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि के लिए जंगल क्षेत्र और नीलगाय के शव के आसपास गहन निरीक्षण किया गया, लेकिन फिलहाल तेंदुए के शिकार के कोई ठोस प्रमाण नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि पहले से लगाए गए पांच ट्रैप कैमरों की भी जांच की गई, जिनमें किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि रिकॉर्ड नहीं हुई। एहतियात के तौर पर ट्रैप कैमरों को स्थान बदलकर नई जगहों पर लगाया गया है। इसके अलावा बेहता नाला के किनारे बाग के पास एक पिंजरे में बकरी बांधकर निगरानी की जा रही है। वन विभाग की टीम लगातार कांबिंग कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। फिलहाल वन विभाग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## सुरगौला गांव की सीमा से शराब ठेका हटाने की मांग, प्रधान ने एसडीएम को सौंपा पत्र

### शराबियों की हरकतों से महिलाएं असुरक्षित, गांव में भय का माहौल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरगौला की प्रधान कमला ने गांव की सीमा पर संचालित देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग को लेकर एसडीएम मलिहाबाद को शिकायती पत्र सौंपा है। प्रधान ने पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत सुरगौला की सीमा पर एक देशी शराब और बीयर की दुकान संचालित है, जिसके पास ही सरकारी ट्यूबवेल भी स्थित है। इसी रास्ते से गांव की महिलाएं और अन्य ग्रामीण खेतों की सिंचाई के लिए प्रतिदिन आते-जाते हैं। प्रधान का आरोप है कि शराब ठेके के कारण वहां दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराबी आए दिन महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार,




गाली-गलौज करते हैं और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इस स्थिति के चलते गांव में भय का माहौल बना हुआ है और महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन कोई गंभीर अप्रिय घटना घट सकती है। शिकायती पत्र के माध्यम से यह भी बताया है कि संबंधित शराब ठेका कहला गांव की सीमा में आता है, लेकिन बोर्ड पर ग्राम सुरगौला का नाम अंकित है, जिससे ग्रामीणों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रधान ने मांग की है कि शराब के ठेके को सुरगौला की सीमा से हटाकर कहला पंचायत की सीमा में स्थापित किया जाए, ताकि महिलाओं और ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से महिला और 13 वर्षीय भतीजे की मौत, भाई की हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल उसके 13 वर्षीय भतीजे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में महिला का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार आशियाना सेक्टर-एम, बिरहाना खेड़ा निवासी लल्लन चौरसिया की पत्नी कपूर कली चौरसिया (52) अपने भाई विजयपाल चौरसिया (40) और भतीजे अंश (13) के साथ बाइक से सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित अपने बेटे अमित चौरसिया के घर जा रही थीं। बुधवार को मृतका अपने बेटे, बहू समेत परिजनों के साथ कानपुर से गंगासागर यात्रा पर जाने वाली थीं, जिसके लिए उन्हें ट्रेन पकड़नी थी। दोपहर करीब 1:30 बजे जब तीनों कानपुर रोड पर सैनिक स्कूल गेट के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रक महिला कपूर कली को कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल विजयपाल और अंश को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान अंश की भी मौत हो गई। विजयपाल की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ट्रक चालक को स्कूटर इंडिया चौराहे के पास से ट्रक समेत पकड़ लिया है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मृतका और उसके भतीजे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# गेहूं चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बिदकी, फतेहपुर। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के शहबाजपुर गांव से पुलिस ने गेहूं चोरी करने वाले तीन आरोपियों अवधेश उर्फ टमाटर उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र, दीपक उम्र 26 वर्ष पुत्र रतीराम तथा रोहित उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र बड़कू तीनों निवासी ग्राम शहबाजपुर कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से चोरी किया गया दो बोरी में एक कुंतल गेहूं बरामद हुआ। इसके अलावा 1750 रुपए नगद भी बरामद हुए। बताते चलें कि 3 जनवरी 2026 शनिवार की रात करीब 8:00 बजे शहबाजपुर गांव निवासी महावीर प्रसाद के वृद्ध मौसी मौसी अकेले थे। तभी दीपक पुत्र रतीराम



अपने कुछ साथियों के साथ घर के अंदर पहुंचा और 4 कुंतल गेहूं चोरी कर ले गया था। महावीर प्रसाद जब अपने घर पहुंचे तो देखा कि गेहूं मौके पर नहीं है चोरी हो चुके हैं तो उन्होंने खोजबीन शुरू किया। गेहूं की बोरी फटी होने के कारण गेहूं रास्ते में गिरते चले गए। गेहूं महावीर प्रसाद के घर से लेकर दीपक के घर तक बिखरे पड़े मिले। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था मुख्य आरोपी दीपक के बताएं के अनुसार पुलिस ने दो अन्य आरोपी अवधेश उर्फ टमाटर तथा रोहित को भी गिरफ्तार किया तीनों के पास से दो बोरियों में एक कुंतल गेहूं बरामद हुआ इसके अलावा गेहूं का बेंच का 1750 रुपए भी बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर बुधवार को न्यायालय भेज दिया गया हैं।

## ट्रेन से कटा मजदूर का दाहिना पैर, 400 मीटर घिसटकर पहुंचा गांव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दिलावर नगर के पास मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। रेलवे लाइन पार करते समय राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक मजदूर का दाहिना पैर कट गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर ने हिम्मत दिखाते हुए जंगल के रास्ते करीब 400 मीटर तक घिसटते हुए गांव पहुंचकर अपनी जान बचाई। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दिलावरनगर गांव निवासी राहुल (27) मंगलवार रात किसी काम से रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार राजधानी एक्सप्रेस आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर से राहुल का दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। घटना सुनसान और जंगल क्षेत्र में होने के कारण तत्काल मदद नहीं मिल सकी। गंभीर चोट के बावजूद राहुल ने साहस दिखाया और दर्द से जूझते हुए किसी तरह गांव तक पहुंचा। गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने घटनास्थल से कटा हुआ पैर बरामद किया और घायल राहुल को तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचाया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि घायल का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अतिक्रमण अभियान में उपजा विवाद फल विक्रेताओं में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर पूर्व में प्रशासन द्वारा चलाया गया संयुक्त अभियान एक बार फिर चर्चा में है। पूर्व एसीपी, इंस्पेक्टर एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से गोसाईगंज मोड़ स्थित पुलिस चौकी से लेकर तहसीलदार आवास मोड़ तक सड़क के दोनों ओर लगे फल विक्रेताओं के ठेलों को हटवाया गया उस दौरान हिंदू-मुस्लिम सभी ठेला विक्रेताओं पर समान रूप से कार्रवाई कर अभियान को सफल बताया गया हालांकि अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद स्थिति एक बार फिर बदलती नजर आ रही स्थानीय हिंदू समुदाय के फल विक्रेताओं का आरोप है कि उन्होंने प्रशासनिक निदेशों का पालन करते हुए दोबारा ठेले नहीं लगाए लेकिन एक विशेष समुदाय का फल विक्रेता अपने पुत्र के साथ काले वीर मंदिर गेट से लेकर तहसीलदार आवास तक लगातार ठेला लगाकर फल बेच रहा इसे लेकर अन्य फल विक्रेताओं में असंतोष और आक्रोश व्याप्त पीड़ित फल विक्रेताओं का कहना कि ठेला न लगा पाने के कारण उनकी आजीविका प्रभावित हो रही और परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया उनका आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई समान नहीं जिससे असमानता की भावना पैदा हो रही इस संबंध में जब कस्बे में तैनात पुलिस कर्मियों से बात की गई तो पुलिस का कहना कि संबंधित फल विक्रेता का ठेला कई बार हटवाया जा चुका लेकिन वह बार-बार पुलिस की बात न मानते हुए दोबारा ठेला लगा लेता पुलिस का यह भी कहना है कि उनके पास अन्य जिम्मेदारियां भी होती केवल एक ही स्थान पर पूरे समय निगरानी संभव नहीं स्थानीय लोगों और फल विक्रेताओं का मानना है कि पुलिस के इस बयान से यह सवाल खड़ा होता है कि क्या संबंधित दबंग फल विक्रेता को कहीं न कहीं से संरक्षण मिल रहा जिसके चलते वह प्रशासनिक निदेशों की अनदेखी कर रहा मामले ने अब सामाजिक और प्रशासनिक रूप ले लिया अब देखना यह कि प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ क्या ठोस कार्रवाई करता जो बार-बार नियमों की अवहेलना कर रहे और क्या सभी ठेला विक्रेताओं के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा या नहीं कस्बावासियों की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई।

## संक्षेप

### डीसीएम ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक सतीश वर्मा (40 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें तेज रफ्तार डीसीएम वाहन ने टक्कर मार दी थी। सतीश वर्मा पुत्र राम प्यारे वर्मा, निवासी जवाहिद खेड़ा, थाना कोतवाली, अपनी फैक्ट्री से काम करके बाइक से घर लौट रहे थे। ललाऊ खेड़ा के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतीश वर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सतीश वर्मा के परिवार में दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार डीसीएम वाहन की तलाश की जा रही है।

### कड़कड़ाती ठंड में गौशाला में बंद गौवंश हो रहे बेहाल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खण्ड गंजमुरादाबाद क्षेत्र स्थित जसरापुर ग्राम पंचायत में वर्तमान समय कुल 190 के करीब गोवंश रखे गए है गोवंश स्थल को तिरपाल से ढक्कर हवा को रोके जाने का प्रयास किया गया है यहां तक तो सब ठीक है इसके अलावा पशुओं के लिए हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ रही है साथ ही भीषण ठंड से बचाने के लिए गोवंश कोई झूल आदि भी ओढ़े दिखाई नहीं दिए इस स्थल के देखरेख कर्मी गौशाला में अलाव जलाते है इस दौरान अनेक गोवंश सर्दी में राहत हेतु अलाव के आसपास जमा हो जाते है जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि पशुओं पर ठंड का असर किस स्तर तक हावी बना हुआ है। पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर राहुल सचान ने बताया है दो माह पूर्व गोवंश स्थल पर पशु संख्या 189 थी तबसे लगातार इतने ही पशु संरक्षित है इसके अलावा कोई गम्भीर बीमारी जैसी स्थित नहीं है सर्दियों में मामूली बीमारी होने की सूचना पर टीम द्वारा तत्काल इलाज कराया जाता है। वहीं ग्रामीणों में चर्चा है कि क्षेत्र में बेसहारा घूमने वाले दर्जनों पशु आज भी क्षेत्र में इधर उधर भ्रमण करते रहते है जिससे गौशाला में पशुओं के मरने की स्थित में उन्हें गोपनीय तरीके से दफ्न कर दिया जाता है जबकि कोरम पूर्ति हेतु अन्य बाहर के पशुओं को संरक्षित कर लिया जाता है।सरकारी दस्तावेजों के अनुसार गौशाला की व्यवस्था व रखरखाव चाक चौबंद है जबकि ग्रामीणों के अनुसार गौशाला में सिर्फ कोरम पूर्ति की जाती है जबकि धरातल पर व्यवस्थाएं राम भरोसे चल रही है।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सपा ने कसी कमर, हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी चुनावों के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।इसी क्रम में आज नगर के मोहल्ला नसीमगंज में सपा नेताओं और कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महामंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल हों।



साथ ही, उन्होंने फर्जी वोटों को कटवाने और त्रुटिपूर्ण नामों को सही करवाने की प्रक्रिया पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहें और बीएलओ (BLO) के साथ समन्वय स्थापित करें। बीएलओ के पास उपलब्ध प्रपत्रों की जांच करें और पात्र लोगों के फॉर्म भरवाएं।

**महिलाओं और नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर दिया जाए।**

मतदाता पुनरीक्षण के अलावा, बैठक में क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और स्थानीय समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में विकास कार्य ठप हैं और जनता परिवर्तन की राह देख रही है। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर जनता के बीच जाने और समाजवादी नीतियों का प्रचार करने की अपील की।सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन बनाएंगे और कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता दाऊद खां, अरकान सिद्दीकी, मुशीर अली, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डा.रचना सिंह के विद्यालय वार्षिक कैलेंडर का उप मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में कार्यरत राज्य शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षिका डा. रचना सिंह द्वारा (1-8) निरंतर बच्चों के गुणवत्ता संवर्धन, माता पिता और समुदाय के साथ अपने आत्मीय संबंधों हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।इसी कड़ी में डा. रचना के संयोजन में विद्यालय ने नव वर्ष पर विद्यालय के वर्ष भर के प्रत्येक माह की गतिविधियों, उपलब्धियों को दशार्ता हुआ एक कैलेंडर छपवाया है जो कि अदभुत नवाचार है।इस कैलेंडर में बच्चों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया है।विद्यालय में हो रहे छात्रों के सर्वांगीण विकास, विद्यालय में उनके नेतृत्व को दशार्ते इस वार्षिक कैलेंडर का विमोचन माननीय उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के 120 वें जन्मदिवस पर बदरका की पावन भूमि से किया गया। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षिका डॉ. रचना सिंह के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह वार्षिक कैलेंडर सिर्फ तिथियों की सूची नहीं है बल्कि बच्चों को प्रोत्साहित करने का बहुत ही अच्छा माध्यम है।उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर गर्व करने का अवसर प्रदान करेगा।भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि यह कैलेंडर विद्यालय के आनंदमय वातावरण को दशार्ता है कि किस तरह से बच्चे खुशी -खुशी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि ये कैलेंडर माता पिता ,समुदाय को विद्यालय में हो रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देता है तथा विद्यालय में हो रहे गुणवत्ता संवर्धन के प्रयासों से समाज को परिचित कराता है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, राजेश शुक्ला ,सोनी अवस्थी, चंद्रकांता जोशी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गांव के सामने हाईवे पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बिचपुरी गांव निवासी 30 वर्षीय अनिल सिंह पुत्र सत्यप्रकाश बुधवार दोपहर अपनी बाइक से बसीरतगंज बाजार जा रहे थे। इसी दौरान गांव के सामने हाईवे पार करते समय कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अनिल दहीचौकी स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत थे।अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश



सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि उन्नाव जिले में नवजात शिशु मृत्यु दर (नियोनेटल मोर्टालिटी रेट) परंपरागत रूप से अधिक रहा है, जिसे कम करने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में, जिला महिला अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में सीपीएपी (उढअढ) मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन उन प्री-मैच्योर नवजातों के लिए बेहद उपयोगी है, जिनके फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं होते और जिन्हें निरंतर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जिलाधिकारी ने बताया कि एक सीपीएपी मशीन यूनिवर्सल हेल्थ केयर के सहयोग से मिली है, जबकि दूसरी मशीन जल्द ही चिकित्सा विभाग से समन्वय कर मंगवाई जा रही है। इन दोनों मशीनों के चालू होने से जिले से उच्च केंद्रों (हायर सेंटर्स) पर रेफर किए जाने वाले नवजातों की संख्या में लगभग 30 से 50 प्रतिशत तक कमी आने की उम्मीद है। इससे गंभीर नवजातों का बेहतर इलाज अब जिले में ही संभव हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं पर भी जानकारी दी। ड्यूटी चार्ट को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के स्थानांतरण नियमित रूप से होते हैं, लेकिन कुछ विशेष तकनीकी और विशेषज्ञता वाले कार्यों के लिए कर्मियों को लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनात रखा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी चार्ट को मैसेज डिस्प्ले बोर्ड पर नियमित रूप से अपडेट किया जाता है, और कागजी रूप में भी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला अस्पताल पुरुष परिसर में बने रैन बसेरा के बंद होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने बताया कि दोपहर के समय यह उनके संज्ञान में आया था कि रैन बसेरा बंद था, जबकि शाम को यह चालू पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरा पूरे दिन संचालित रहे और ठंड को देखते हुए नगर पालिका के माध्यम से अलाव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। यदि रात में भी रैन बसेरा बंद पाया गया तो इसकी जांच कराई जाएगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव सेल्हापुर में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव से बाहर एक पेड़ में लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। गांव निवासी एक युवती ज्योति उम्र करीब अठ्ठारह साल का शव गांव के बाहर एक पेड़ में फांसी के फंदे से लटका मिला। सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों ने जब शव लटका देखा तो घरवालों को सूचना दी जिसपर घर वाले वहां पहुंचे तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों में चर्चा रही कि लड़की कई दिनों से गायब थी जिसकी खोजबीन की जा रही थी बुधवार को उसका शव फांसी के फंदे से लटका



मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दुग्ध वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा अचलगंज की ओर सर्विस लाइन पर हुआ, जहां एक दुग्ध वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, अचलगंज थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा निवासी आदित्य राज रावत (22) पुत्र शिव बहादुर अपने साथी सतीश (40) पुत्र रामप्यारे निवासी जवाहर खेड़ा के साथ बाइक से अचलगंज की तरफ से सर्विस लाइन पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार दुग्ध वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में सतीश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आदित्य राज रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल आदित्य को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुग्ध वाहन को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और चालक की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण बताया जा रहा है। मृतक सतीश के परिवार में मौत की खबर से मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सर्विस लाइन पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। दुग्ध वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भाभी की मौत, ननद घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अजमत नगर गांव निवासी अंकित कुमार की पत्नी अनन्या 23 ननद अंजली 17 के साथ मंगलवार की रात शौचक्रिया के लिए खेतों की ओर गयी थी जहां से दोनों वापस घर लौट रही थी और सड़क पार करने लगी उसी समय चकलवंशी मियागंज मार्ग से चकलवंशी की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गयी सूचना पर पहुंचे परिजन गंभीर हालत में मियागंज सीएचसी लाये जहां डाक्टर ने भाभी अनन्या को मृत घोषित कर दिया जबकि ननद का इलाज चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतका अनन्या का विवाह 30



नवंबर को हुआ था पति 29 दिसंबर को अमृतसर गया था वहां सुनार की दुकान पर काम करता है मृतका अनन्या पुत्री नन्हकू निवासी सन्नी सराय कोतवाली गंगा घाट मृतका की मां उमा है।मृतका अनन्या तीन बहन एक में दूसरे स्थान की थी।

## जन औषधि केंद्र का सीएचसी परिसर में किया गया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में जन औषधि केंद्र खोला गया है।जिसका उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनूप तिवारी द्वारा किया गया।जिससे क्षेत्र की जनता को कम लागत में दवाइयां मिल सकेगी। औरास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खोला गया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ अनूप तिवारी ने किया।सीएचसी परिसर में जन औषधि केंद्र खुलने से क्षेत्र की जनता को कम लागत पर सस्ते दामों में दवाइयां उपलब्ध होगी।जिससे मरीजों को इलाज में काफी राहत मिलेगी। जन औषधि केंद्र खुलने से ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की है।

### आग ताप रहे वृद्ध पर गिरी कच्ची दीवाल हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भोपाल खेड़ा गांव में आग ताप रहे वृद्ध किसान पर अचानक कच्ची दीवार भर-भरा कर गिर गई जिससे वह मलबे में दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर उपचार चल रहा है।औरास थाना क्षेत्र के भोपाल खेड़ा निवासी गजराज सिंह (65) पुत्र स्व प्रभु सिंह बुधवार को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे छप्पर के नीचे कड़ाके की ठंड में आग ताप रहे थे। तभी अचानक कच्ची दीवार भर-भरा कर उनके ऊपर गिर गई जिससे मलबे में दब कर गजराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर परिजन व ग्रामीणों की मदद से गजराज सिंह को मलबे से निकाल कर घायल अवस्था में एंबुलेंस से मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिए कड़े निर्देश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जय प्रकाश सिंह ने पुलिसकर्मियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मियों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। एसएसपी ने जोर दिया कि पुलिसकर्मी समाज के लिए अनुशासन और कानून पालन का उदाहरण होते हैं, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना उनका नैतिक और वैधानिक दायित्व है। एसएसपी ने निर्देश दिए कि चार पहिया वाहन चलाते समय चालक और आगे की सीट पर बैठे यात्री दोनों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा। इसी तरह, दो पहिया वाहन चलाते समय चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी मानक हेलमेट पहनना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीट बेल्ट और हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षक साबित होते हैं और गंभीर चोटों से बचाते हैं। एसएसपी सिंह ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ये नियम केवल ड्यूटी के दौरान ही नहीं, बल्कि अवकाश के समय या निजी वाहन चलाते हुए भी पुलिसकर्मियों पर लागू होंगे। उन्होंने कहा कि जब पुलिसकर्मी स्वयं इन नियमों का पालन करेंगे, तभी वे आम जनता को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर पाएंगे। इससे समाज में पुलिस की एक सकारात्मक और जिम्मेदार छवि स्थापित होगी। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने सख्त चेतावनी दी कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की जिम्मेदारी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना भी उनका महत्वपूर्ण दायित्व है। इस अवसर पर एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, सहायक पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) संचित शर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय संजय कुमार मिश्रा और क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने एसएसपी के निदेशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## स्कूल जा रहे छात्र को बाइक सवार युवकों ने अपहरण करने का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र में स्कूल जा रहे छात्र के अपहरण की नाकाम कोशिश होने पर पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।थाना बिहार के लोचीखेड़ा निवासी रंजीत बहादुर सिंह पुत्र रामराज सिंह ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि उसका 15 वर्षीय पुत्र अनमोल भगवंतनगर कस्बे के एक विद्यालय में पढ़ता है। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे उनका बेटा रोज की तरह साइकिल से स्कूल के लिए निकला था। जब अनमोल तौधकपुर के पास पहुँचा, तभी पीछे से आए दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसे रोकने और जबरन पकड़ने की कोशिश की। अचानक हुए इस हमले से घबराकर छात्र साइकिल से गिर पड़ा। इसी दौरान बदमाशों ने छात्र का स्कूल बैग छीन लिया, जिसमें उसकी कॉपी-किताबों के साथ तीन महीने की स्कूल फीस भी रखी हुई थी। आरोप है कि मोटरसाइकिल सवारों ने छात्र के साथ गाली-गलौज की और उसे जबरन साथ ले जाने का प्रयास किया।छात्र ने हिम्मत दिखाते हुए खुद को उनके चंगुल से छुड़ाया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए मदद माँगी। शोर सुनकर आसपास के लोग सतर्क हुए, जिससे बदमाश मौके से फरार हो गए। भागते समय बदमाशों ने छात्र को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद छात्र किसी तरह घर पहुँचा और पूरी जानकारी अपने परिजनों व विद्यालय प्रशासन को दी।सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा मामले की जांच करवाई जा रही है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर नागिन डांस करने वाली दोनों युवतियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो युवतियों के नागिन डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वीडियो में युवतियां बीच सड़क पर अलग-अलग गानों पर डांस करती दिख रही हैं, जिससे सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चौकी इंचार्ज दरोगा रविशंकर मिश्र ने मामले की जांच की। जांच में पता चला कि वीडियो में डांस करने वाली युवतियों में से एक गदनखेड़ा मोटर मार्केट के पीछे स्थित अंबेडकर कॉलोनी की निवासी काजल है। दूसरी युवती की पहचान अभी नहीं हो पाई है। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों युवतियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़क मार्गों पर इस तरह का कृत्य किया, जिससे किसी भी




समय अप्रिय घटना या गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीच सड़क नृत्य करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह आमजन की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। इस पूरे मामले में चौकी इंचार्ज की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर उन्नाव में काजल और उसकी अज्ञात सहेली के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस वीडियो बनाने वाले रील मेकर की भी तलाश कर रही है

## संक्षेप

### नकली कीटनाशक फैक्टरी नेटवर्क कई जिलों तक फैला

**जांच में कई फर्में और एजेंट रडार पर, नामी कंपनियों के नाम पर ठगी**

अमेठी , प्रमोद आलोक इंटर कॉलेज में पकड़ी गई नकली कीटनाशक और उर्वरक फैक्ट्री के मामले में जांच तेज हो गई है। प्रारंभिक पड़ताल में खुलासा हुआ है कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क केवल अमेठी तक सीमित नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों और अन्य प्रदेशों तक फैला हुआ है। कृषि विभाग की जांच में सामने आया है कि यह गिरोह नामी ब्रांडों के नाम का इस्तेमाल कर किसानों को गुमराह कर रहा था। नकली कीटनाशक और उर्वरक की आपूर्ति स्थानीय दुकानों और एजेंटों के माध्यम से बड़े पैमाने पर की जा रही थी। उत्पादों को असली दिखाने के लिए पैकेटों और बोरियों पर नामी कंपनियों के लेबल, आकर्षक डिजाइन और फर्जी विवरण अंकित किए जाते थे। किसानों को कम कीमत का लालच देकर नकली माल बेचा गया, जिससे उनकी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में कई संदिग्ध फर्मों और व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं। इन लोगों ने विभिन्न जिलों में गोदाम और अस्थायी इकाइयां बना रखी थीं। इस मामले में नकली उर्वरक और कीटनाशक दवा फैक्ट्री के खिलाफ प्राथमिकी (ऋकफ) दर्ज की गई है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश यादव ने फैक्ट्री संचालक शिवम तिवारी और श्रमिक राम उजागिर यादव को आरोपी बनाया है। पुलिस अब मुख्य आरोपी शिवम तिवारी की तलाश कर रही है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत दुकानों से ही कीटनाशक और उर्वरक खरीदें और खरीद के समय पक्का बिल अवश्य लें। किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी तत्काल कृषि विभाग या प्रशासन को देने का आग्रह किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों से बचाव के लिए किसानों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है।

### कोहरे के कारण तीन ट्रकों की टक्कर

**हादसे में दो ड्राइवर और एक खलासी घायल, लगा जाम**

अमेठी, सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजामऊ नहर पुल के पास तीन ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दो ट्रक ड्राइवर और एक खलासी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सुबह कोहरे के कारण पहले दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हुई। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रहा एक तीसरा ट्रक भी उनसे टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को मौके से हटवाकर यातायात को सुचारू करने का प्रयास कर रही है। जोरदार टक्कर की कुछ तस्वीर घायलों की पहचान फतेहपुर जिले के ग्राम गोसड़ी, थाना असौदार निवासी 31 वर्षीय राज (कंडक्टर, पुत्र महेश) और 32 वर्षीय विकास (ड्राइवर, पुत्र राम लखन) के रूप में हुई है। तीसरे घायल अजमेर, राजस्थान निवासी 28 वर्षीय भगवान जाट (ड्राइवर, पुत्र शिवराज जाट) हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# रेप की कोशिश करने वाले को 1.5 किमी तक घसीटा

## प्रयागराज में कपड़े फाड़े, मार-मारकर बेसुध किया, बच्ची सुन-बोल नहीं सकती

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , 14 साल की लड़की से रेप की कोशिश की गई। यह लड़की सुन-बोल नहीं सकती है। बच्ची को ढूंढते हुए परिजनों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकला। कुछ घंटे बाद गुस्साए लोगों को मालूम हुआ कि आरोपी घर में छिपा हुआ है। भीड़ आरोपी को घसीटते हुए 1.5 किमी दूर थाने तक ले गई। मार-मारकर उसे बेसुध कर दिया। कपड़े फाड़ दिए। सिर्फ अंडरवियर में सड़क पर घसीटने लगे। युवक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगा, लेकिन भीड़ ने उसकी एक न सुनी। उसे मारते हुए औद्योगिक क्षेत्र थाने तक ले गए। घसीटने से आरोपी के हाथ-पैर छिल गए हैं। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है। थोड़ी देर में लड़की के बयान दर्ज कराए जाएंगे।



पूरा जानिए पूरा मामला

आरोपी मनीष जायसवाल (25) औद्योगिक क्षेत्र के एक मोहल्ले का रहने वाला है। उसके पिता रेलवे के रिटायर्ड हैं। वह मैकेनिकल विभाग में कर्मचारी थे। मनीष ने पड़ोस में रहने वाली नाबालिग लड़की को इशारे से पास बुलाया। फिर बगल में गेस्ट हाउस के पीछे ले गया। वहां उसके साथ रेप की कोशिश की।

जब लड़की घर पर नहीं दिखी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घरवाले गेस्ट हाउस के पास पहुंच गए, जिसके बाद युवक वहां से भाग गया। परिवार वाले देर रात तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन आरोपी नहीं मिला। सुबह मोहल्ले के लोगों को पता चला कि युवक घर में छिपा बैठा है। इसके बाद भीड़ उसके घर पहुंची, उसे खींचकर बाहर निकाला, पीटा और घसीटते हुए थाने ले गई। परिजनों ने बताया कि वे सब्जी बेचकर परिवार चलाते हैं। लड़की सुन और बोल नहीं सकती है, वह कमर के नीचे से दिव्यांग है। उनके घर और आरोपी के घर के बीच की दूरी करीब 200 मीटर है।

### बहन ने कहा- घसीटते हुए ले गया

लड़की की बहन ने बताया कि रात 9:30 बजे मेरी बहन घर के बाहर वह निकली थी। उसी दौरान ने मनीष ने उसे इशारा कर पास बुलाया। इसके बाद उसे घसीटते हुए गेस्ट हाउस के पीछे गया। वह रेप की कोशिश कर रहा था। ढूंढते हुए हम लोग वहां पहुंचे, तो आरोपी मनीष वहां से भाग गया। बहन रो रही थी, तो हम उसे घर ले गए। रात में ठंड और कोहरा था। ऐसे में वह थाने नहीं जाना चाहती थी। सुबह मोहल्ले के लोग ने आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। एक्सपर्ट समझेंगे पीड़िता के बयान औद्योगिक क्षेत्र थाना के प्रभारी विपिन पाल कहते हैं- बच्ची की उम्र 14 साल है। परिवार वालों ने रेप की कोशिश की तहरीर दी है। लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है।

# प्रयागराज माघ मेले में गोल्डन-सिल्वर पॉलिश से रंगे युवक पहुंचे

## 3.8 फीट के बाबा भी आए; अताशा बोली- मोनालिसा जैसा बनना है

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , संगम की रेती पर माघ मेला चल रहा है। साधु-संत, अखाड़े और कल्पवासी डेरा जमाए हुए हैं। हर दिन 10 लाख श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे। कड़ाके की ठंड में भी लाखों कल्पवासी माघ तपस्या कर रहे हैं। उनका कहना है कि कल्पवास करने से उन्हें सुकून मिलता है। इधर, सोशल मीडिया पर भी छाने की होड़ मची है। गोल्डन और सिल्वर बॉय बनकर दो युवक मेले में पहुंचे हैं। लोग इनके साथ सेल्फी ले रहे हैं। दोनों ने पूरे शरीर पर गोल्डन और सिल्वर रंग की पॉलिश कर रखी है। गोल्डन बॉय लोगों को देखकर हाथ जोड़कर प्रणाम करता है। इसके अलावा साढ़े तीन फीट के बाबा भी मेले में पहुंचे हैं। सोनभद्र के मारकुंडी से जटा जौ वाले बाबा भी मेले



में आए हैं। उन्होंने सिर के ऊपर जौ, चना और उड़द उगा रखी है। मेले में आस्था के साथ मनोरंजन का रंग भी नजर आ रहा है। लोग गाने और डांस के जरिए मेले का आनंद लेते दिख रहे हैं। इस बार माघ मेला करीब 800 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है, जिसे 7 सेक्टरों में बांटा गया है। यहां 8 किलोमीटर लंबे स्नान घाट बनाए गए हैं और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है।

### महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा के गाने का टीजर लॉन्च

पिछले साल प्रयागराज महाकुंभ से वायरल मोनालिसा आपको याद ही होगी...। जी हां, वही कजरारे नैना वाली...माला बेचने वाली लड़की। वह मोनालिसा अब एक्ट्रेस बन चुकी हैं। मोनालिसा एक साल से अपनी फिल्म द मणिपुर डायरी की शूटिंग कर रही थीं। अभी भी वह फिल्म पर काम कर रही हैं। फिल्म कब रिलीज होगी, अभी डेट नहीं आई है। लेकिन उनका नया गाना 'दिल जानिया' का टीजर रिलीज हो गया है। जिसमें मोनालिसा का खूबसूरत लुक देखने को मिल रहा है। फैंस उनके अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम के एक यूजर ने कहा- किस्मत हो तो मोनालिसा जैसी।

# बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, युवक की मौत

**नहर के डिवाइडर पर चढ़ने से हादसा, पत्नी गंभीर घायल**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ,जामो थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय दिलीप पांडेय की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी ललिता गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह हादसा तब हुआ जब उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर के डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। ललिता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दिलीप लालूपुर ढेबिया निवासी राम मूरत पांडेय के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, दिलीप पांडेय अपनी पत्नी ललिता के साथ बाइक से किसी काम से मुसाफिरखाना की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बंधवा रेसी के पास पहुंचते ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। बाइक नहर के डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई, जिससे पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में



डॉक्टरों ने जांच के बाद दिलीप पांडेय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ललिता को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पारसपट्टी में चार साल से नहीं पहुंचा पानी

## आप नेता ने वीडियो जारी किया, ग्रामीण बोले- ठेकेदार 1.5 करोड़ लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , मोतिगरपुर ब्लॉक के पारस पट्टी गांव में 'हर घर नल से जल' योजना चार साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। बजट खर्च होने के बावजूद गांव में पानी की टंकी का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। मामले के शिकायतकर्ता और पूर्व प्रधान आशीष कुमार ने बताया कि पारस पट्टी गांव की आबादी लगभग 6000 है। यहां के लोग पिछले चार सालों से सरकारी नल से पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी का निर्माण होना था, लेकिन धरातल पर केवल एक कमरा और बाउंड्री वॉल ही बन पाई है। आशीष कुमार के अनुसार, कागजों में काम पूरा दिखाया



गया है, जबकि जमीनी स्तर पर टंकी का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पड़ोस के छोटे गांव शेखपुर में टंकी बनकर पानी की आपूर्ति भी शुरू हो गई है, जबकि पारस पट्टी गांव का प्रस्ताव सबसे पहले था। उन्होंने इसे सरकार और प्रशासन की लापरवाही बताया। पूर्व प्रधान की शिकायत के बाद प्रशासन ने 11 नवंबर तक पानी की आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, नवंबर का महीना बीत जाने के बाद भी टंकी का आधार तक तैयार नहीं हो सका है। गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन टंकी के अभाव में उनमें पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, गायत्री कंपनी को इस परियोजना का काम सौंपा गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों की मिलीभगत से बजट का दुरुपयोग किया गया है, जिसके कारण आज भी गांव के लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। उधर इस संदर्भ में जल जीवन मिशन के एक्सईएन वकार अहमद ने बताया बजट के कारण कार्य रुका था। जल्द ही बजट मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# सदर में दो पुलों का भूमि पूजन

**विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने किया शिलान्यास, 72 लाख से अधिक की लागत**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , सदर विधानसभा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण पुलों का भूमि पूजन और शिलान्यास को किया गया। इन पुलों के निर्माण पर 72 लाख रुपए से अधिक की लागत आएगी। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने इन परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत

जयसिंहपुर विकासखंड के अंतर्गत सरतेजपुर-पुरषोत्तमपुर-मामपुर संपर्क मार्ग पर बन रहे पुल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह परियोजना क्षेत्र के दो पुलों में से एक है, जिसमें मामपुर-सरतेजपुर और मुंगर पुल शामिल हैं। इन पुलों के निर्माण से क्षेत्र के गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे आवागमन सुरक्षित और सुगम बनेगा, जिससे ग्रामीण अंचल के विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल



से उनकी विधानसभा में दो नए पुलों का काम शुरू हो रहा है। विधायक ने बताया कि ये पुल जनता की पुरानी मांग थे और अब इनके निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# लोकेटर गैंग से परिवहन विभाग परेशान

## अधिकारियों के निकलते ही अवैध वाहनों को मिल जाती है लोकेशन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , 'लोकेटर गैंग' परिवहन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस गैंग के कारण ओवरलोड वाहन सड़कों पर बेरोकटोक चल रहे हैं, जिससे न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। परिवहन विभाग का कहना है कि इस गैंग के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में परिवहन विभाग की चेकिंग के दौरान लोकेटर गैंग के सक्रिय होने की समस्या सामने आई है। ये लोग सड़कों पर जासूसों की तरह तैनात रहते हैं और परिवहन अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी अवैध वाहन चालकों को व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से लगातार देते रहते हैं। जैसे ही अधिकारी किसी रूट पर निकलते हैं, ओवरलोड वाहन या तो अपना रास्ता



बदल लेते हैं या ढाबों और लिंक रोड पर छिप जाते हैं। इससे विभाग की कार्रवाई में बाधा आती है। इसके अलावा, कई ओवरलोड ट्रकों और डंपरों पर नंबर प्लेट भी नहीं होती, जिससे दुर्घटना की स्थिति में उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। एआरटीओ महेंद्र बाबू ने स्वीकार किया कि यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती है और लोकेटर कार्रवाई में बाधा बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि गैंग के सदस्यों की पहचान के प्रयास लगातार जारी हैं, हालांकि अभी तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। एआरटीओ ने यह भी कहा कि लोकेटर गैंग के बावजूद विभाग अपने काम में ढिलाई नहीं बरत रहा है और ओवरलोड व बिना पंजीकरण वाले वाहनों को लगातार चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# पाकिस्तान से वापस नहीं आना चाहता अलीगढ़ का बादल बाबू

## इस्लाम कबूलने के बाद अदा कर रहा नमाज, पिता बोले- वीडियो कॉल तक नहीं कराई

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, फेसबुक पर दोस्ती के बाद युवती की मोहब्बत में पड़ा अलीगढ़ का बादल बाबू अब पाकिस्तान से भारत नहीं आना चाहता। बादल ने एक साल की सजा पूरी कर ली है। लेकिन जुमार्ना न देने के कारण उसे कुछ और दिन जेल में ही रहना पड़ेगा। यह बातें बादल बाबू के पिता को लाहौर जेल में मिलने पहुंचे पाकिस्तानी वकील फियाज रामे के जरिए पता चली। वकील ने बताया कि बादल बाबू ने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया है और रोजाना जेल में नमाज अदा कर रहा है। उसने कहा कि अब वह पाकिस्तान में ही रहना चाहता है और भारत लौटने से इनकार कर रहा है। हालांकि, नियमों के हिसाब से वह पाकिस्तान में स्थायी




रूप से नहीं रह सकता है। पिता ने प्रशासन से बेटे को वापस लाने की गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे बेटे से वकील ने वीडियो कॉल पर बात तक नहीं कराई। हम कैसे भरोसा करें। बता दें, बातों ही बातों में अपने परिवार अपने शहर अपने देश को छोड़कर सरहद पार जाने वाले बादल के साथ उसकी प्रेमिका भी नहीं है। क्योंकि उसने बादल से निकाह करने से मना कर दिया था। अब बादल किस वजह से भारत आने से मना कर रहा है। या फिर बादल के भारत न आने के पीछे कोई और वजह है।

### 5 हजार का लगाया जुर्माना

बादल बाबू को 27 दिसंबर 2024 को पाकिस्तान पुलिस ने बिना वीजा या वैध दस्तावेजों के प्रवेश के कारण गिरफ्तार किया था। स्थानीय अदालत ने 30 अप्रैल को उसे एक साल की कैद और पांच हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने उसे जासूस नहीं माना है, बल्कि गलत तरीके से सीमा पार करने के जुर्म में यह सुनाई थी।बादल के पिता कृपाल सिंह ने वीडियो कॉल पर बेटे बादल से बात न कराने पर वकील से निराशा जताई थी। हालांकि इस मामले में वकील ने कहा कि सीमापार का मामला संवेदनशील है और प्रक्रिया में समय लग रहा है। पिता कृपाल सिंह ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वे बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए हस्तक्षेप करें। हमारी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है

# दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

## 10 लाख की स्मैक जब्त, बाइक से तस्करी करने जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,कटरा पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 10 लाख रुपये मूल्य की 98 ग्राम स्मैक और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले हैं। इस सूचना पर कटरा पुलिस ने हुलासनगला क्रॉसिंग के पास घेराबंदी की। जब दोनों बाइक सवार तस्कर वहां से गुजरे, तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। कुछ दूर पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साधू उर्फ पूरनलाल और राजकुमार के रूप में हुई है। ये दोनों कटरा थाना क्षेत्र के समधाना गांव के निवासी हैं।



पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी काफी समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे। शाहजहांपुर में स्मैक तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बावजूद तस्करी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कटरा थाना क्षेत्र में स्मैक तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं।

# बेटे ने की पिता की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**सौतेली मां के कारण आर्थिक तंगी से परेशान था आरोपी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, अंतू थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक के बेटे उदयभान को गिरफ्तार किया है, जिसने आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया है। हत्या



में प्रयुक्त लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद कर लिया गया है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जघटना 28 दिसंबर 2025 की है, जब बुजुर्ग अपने खेत में पानी लगाने गए थे और रात भर वापस नहीं लौटे। अगले दिन, 29 दिसंबर 2025 की सुबह, परिजनों ने खोजबीन की तो उनका शव खेत के पास सरसों के खेत में पड़ा मिला। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले के खुलासे के लिए एसपी दीपक भोकर ने चार टीमों का गठन किया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना का खुलासा किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी उदयभान ने बताया कि उसने 28 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7:30 बजे खेत की मेड़ पर नीम की मेड़ के पास एक पुरानी, मजबूत लकड़ी के टुकड़े से अपने पिता के सिर पर जोरदार प्रहार कर उनकी हत्या कर दी थी। आरोपी ने हत्या का कारण बताते हुए कहा कि उसकी मां की मृत्यु के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। वह सौतेली मां के कहने पर चलता था और अपनी सारी कमाई उसी पर खर्च कर देता था। आरोपी के अनुसार, उसके बच्चों की फीस और खाने-पीने की व्यवस्था में भी दिक्कतें आ रही थीं

# पुलिस ने 2025 में अपराध पर शिकंजा कसा

## 16 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त, 400 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , पुलिस ने वर्ष 2025 में अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। पिछले वर्ष 2024 की तुलना में अपराध के आंकड़ों में स्पष्ट गिरावट दर्ज की गई। पुलिस ने विभिन्न अभियानों और सख्त कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसा। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2025 में जिले के विभिन्न थानों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 99 मुकदमे दर्ज किए गए। इस दौरान लगभग 400 अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत साल भर में करीब 16 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की। इसके अतिरिक्त, 133 मामलों में गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई, जिससे असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा। पुलिस की सक्रियता पूरे वर्ष जारी रही, जिसके तहत 50 बदमाशों के साथ



मुठभेड़ हुई। इन मुठभेड़ों में कई अपराधी घायल हुए और उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत करीब 9 करोड़ रुपये का कैश और नशीले पदार्थों की बड़ी खेप बरामद की गई। 'मिशन शक्ति' अभियान के कारण महिला अपराधों में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई, जो कानून व्यवस्था के लिए एक सकारात्मक पहलू है। वर्ष 2025 प्रतापगढ़ पुलिस के लिए सफल रहा, हालांकि वर्ष 2026 नई चुनौतियां लेकर आया है। पुलिस के सामने अब अपराध के ग्राफ को और नीचे लाने तथा कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने की चुनौती है।

## संक्षेप

### बागपत में दो युवक गिरफ्तार

**चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक और तमंचा मिला**

बागपत , शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस शहर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोका, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की थी और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान कासिमपुर खेड़ी निवासी देवराज और आशीष के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल के साथ-साथ एक अवैध तमंचा और एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की सतर्कता के कारण एक संभावित घटना को रोका जा सका। मामले की आगे की जांच जारी है।

### बाल मजदूरी पर रोक, रोजगार मिले

**यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन ने बागपत कलेक्ट्रेट में की मांग**

बागपत , कलेक्ट्रेट पर यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने अधिकारियों से शिकायत की। उन्होंने बाल मजदूरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। संगठन ने मांग की कि बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को उचित शिक्षा दी जाए। साथ ही, ऐसे परिवारों को मजदूरी भत्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि बाल मजदूरी को पूरी तरह रोका जा सके। उन्होंने जबरन बच्चों से मजदूरी कराने वाले माता-पिता पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। बागपत जिले में लगातार बाल मजदूरी के मामले सामने आ रहे हैं। संगठन ने बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, गरीब बच्चों की शिक्षा और परिवारों को श्रमिक योजना के तहत रोजगार भत्ता दिलाने के लिए कार्रवाई की मांग की है। बच्चों का भविष्य खराब यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रियासत अली ने कहा कि बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और वे बाल मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों की जांच कराने की बात कही। यदि जरूरतमंद परिवार बच्चों से मजदूरी करा रहे हैं। तो उन्हें रोजगार भत्ता और आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। डॉ. अली ने यह भी कहा कि यदि कोई माता-पिता जबरन अपने बच्चों से मजदूरी करा रहा है, तो उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पीड़ित ने मुसाफा ग्रामीण बैंक के भ्रष्टाचार पर उठाए सवाल

## 2 लाख रुपए आने पर बैंक मैनेजर ने अचानक खाता किया ब्लॉक

**क्लेम कराने के लिए 1लाख रुपये की वसूली का आरोप**

**अमन लेखनी समाचार**




बकेवर, फतेहपुर, जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसाफा में स्थापित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से पीड़ित ग्रामीण उपभोक्ता ने शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाया मीडिया से रूबरू होते हुए ग्रामीण मुसाफा निवासी नवनीत कुमार पुत्र रामसहारे गुप्ता ने स्थानीय बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष कुमार के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि शाखा अंतर्गत पीड़ित का खाता है जिसका खाता नंबर 54640200000039 बताया जिसमें किसी मित्र द्वारा आर्थिक तंगी के चलते उधार रूप में धंधा करने के लिए पैसे भेजे गए थे जिसे निकालने पीड़ित बैंक पहुंचा तथा 100000 रुपए की चेक भरकर शाखा में जमा की शाखा प्रबंधक आशीष कुमार के हाथों में पहुंचते ही शाखा प्रबंधक ने पीड़ित का खाता संचालन रोक दिया जिससे वह खाते में पड़ी धनराशि नहीं निकाल सका इस मामले की अधिक जानकारी के लिए पीड़ित नवनीत कुमार ने शाखा प्रबंधक आशीष कुमार से लिखित रूप में जानकारी मांगी जिसे देने से शाखा प्रबंधक ने साफ इनकार कर दिया वही पीड़ित ने बताया कि पीड़ित गांव में रहकर अपना एक कारोबार कर रहा था जिसके लिए बैंक से लोन ले रखा था जिसका खाता अलग है लोन लिए गए खाते में प्रतिमाह किस्त पीड़ित नवनीत कुमार अदा करता रहा परंतु अचानक कारोबार नष्ट हो जाने पर पीड़ित के रोजी-रोटी पर सवाल खड़े हो गए पीड़ित नवनीत कुमार ने शाखा प्रबंधक आशीष कुमार को फोन करते हुए सूचना दी जहां लगभग एक सप्ताह बाद निरीक्षण पर पहुंचे शाखा प्रबंधक ने निरीक्षण करते हुए जरूरी कागजात नुकसान की भरपाई के लिए तैयार कराए पीड़ित ने आरोप लगाया कि नुकसान की भरपाई करने के लिए शाखा प्रबंधक ने 100000 रुपए की घूस की मांग की जिसमें आर्थिक तंगी के कारण पीड़ित ने असमर्थता जताई यह देख शाखा प्रबंधक निरंतर टाल मटोल करते रहे वही उधार सहयोग रूप में मित्र द्वारा भेजा गया दूसरे खाते में पैसा देख शाखा प्रबंधक ने खाते का संचालन ईर्ष्या द्वेष के कारण रोक दिया मुसाफा बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शिकायतें इससे पहले भी बहुत सारी आ चुकी हैं जिसमें सुधार होना संभव नहीं दिख रहा इस मामले की जानकारी करने हेतु मीडिया विभाग द्वारा शाखा प्रबंधक आशीष कुमार को फोन करते हुए संपर्क साधा गया परंतु शाखा प्रबंधक ने जानकारी देना उचित न समझते हुए फोन उठाने में असमर्थता जताई देखना यह है कि बैंक में हो रहे भ्रष्टाचार तथा बिचौलियों द्वारा कराए जा रहे अवैध कार्यों पर रोकथाम आखिर विभाग कब कर पाएगा

# विजय पथ की ओर अग्रसर श्रीराम बुढवां सहारा कानपुर की हुई जीत

**अमन लेखनी समाचार**



अमौली, फतेहपुर, क्षेत्र के ग्राम बुढ़वा आईटीआई मैदान में चल रहे आरपीएल प्रीमियर लीग के छठवें दिन भी खिलाड़ियों के रोमांचक प्रदर्शन का दर्शकों ने आनंद लिया प्रीमियर लीग में प्रतिभागी क्रिकेट टीम सहारा हॉस्पिटल कानपुर एवं मेजबान टीम श्री राम वारियर्स बुढ़वा की टीमों ने अपनी प्रतिद्वंदी टीमों को परास्त कर बढ़त हासिल की सहारा हॉस्पिटल कानपुर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने 15 ओवर में 143 रन बनाकर मैच जीत लिया जबकि जवाब में उतरी कृष्णा सुपर किंग्स 12.3 ओवर में आलआउट होकर मात्र 90 रन ही बन पाई विजेता टीम के टीम के जांबाज खिलाड़ी अंशु को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया शाम के मैच में धनवंतरी राइजिंग ने निर्धारित 15 ओवर में 115 रन बनाए जवाब में उतरी मेजबान टीम श्रीराम वारियर्स बुढ़वा की टीम के खिलाड़ियों ने अंतिम गेंद तक रोमांचक प्रदर्शन करते हुए मैच जीत कर बढ़त हासिल की विजेता टीम के जांबाज खिलाड़ी अंकित शुक्ला को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विनय भौकाली एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी वर्मा डॉ अखिलेश सचान ने फीता काटकर मैच शुभारंभ किया प्रीमियर लीग के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी वाइस चेयरमैन अभिराम मोनू मिश्रा विराट शुक्ला राजेश उत्तम मोहम्मद हसन मुकुल तिवारी ग्राम प्रधान सनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा अतिथियों का स्वागत कर दर्शकों का आभार व्यक्त किया

# नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल बंद

**ठंड-कोहरे के चलते डीएम का आदेश, 12 जनवरी को खुलेंगे**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , समेत पूरे वेस्ट यूपी में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक हालात में कोई खास सुधार की संभावना नहीं है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। मेरठ डीएम के आदेश पर 12 जनवरी को जिले में नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

### इन जगहों पर होगा लागू

यह अवकाश माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड, मदरसा बोर्ड और संस्कृत शिक्षा परिषद से संबद्ध सभी स्कूलों पर लागू होगा। डीएम के निर्देश के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अत्यधिक ठंड और घने कोहरे के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### अगले 72 घंटों तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की मौसम वेधशाला के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि अगले 72 घंटों तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, वसूला गया जुर्माना

**अमन लेखनी समाचार**



बिदकी, फतेहपुर। बिंदकी कस्बे में बुधवार को दिन में करीब 1:00 बजे से नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान बिंदकी कस्बे के खजुहा चौराहे से प्रारंभ हुआ। यहां पर फल के दुकानदारों तथा अन्य दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था जिसको हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान मेन बाजार में भी चलाया गया। अतिक्रमण हटाने वाली टीम को देखते ही तमाम दुकानदारों व्यापारियों ने अपने दुकानों के सामने का अधिकरण स्वयं हटना शुरू कर दिया जिन लोगों ने नहीं हटाया उनका अतिक्रमण तखत तथा बेंच आदि नगर पालिका की टीम ने हटाया और ट्रैक्टर ट्राली में डाल दिया गया। यह अभियान फाटक बाजार होते हुए लंका रोड मोहल्ला की ओर पहुंचा। यहां पर लकड़ी के दुकानदारों तथा व्यापारियों द्वारा अपने दुकानों के सामने अतिक्रमण किया गया था। जहां पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। कुछ लोगों ने अपने घरों के सामने भी अतिक्रमण किया था उसे भी नगर पालिका की टीम ने हटाया। लंका रोड से अतिक्रमण हटाने के बाद टीम फाटक बाजार होते हुए टीम किराना गली तथा बर्तन बाजार पहुंची जहां भी अतिक्रमण हटाने का काम किया गया। इस बीच हड़कंप मचा रहा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगभग ?5000 का जुमार्ना भी वसूला गया। इस मौके पर राजस्व विभाग के कानून को अजय कुमार मिश्रा, लेखपाल उमेंद्र मौर्य तथा झल्लर सिंह के अलावा कस्बा इंचार्ज राज नारायण नायक, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर सहित नगर पालिका के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

**देवरिया में ठंड से बचाव के लिए अलाव, हीटर लगाने के निर्देश दिए**

**अमन लेखनी समाचार**



देवरिया , जिले में बढ़ती ठंड के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और ठंड से बचाव के लिए अलाव व हीटर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वृद्धजनों से उनके रहने, खाने, मनोरंजन, समाचार पत्र, गर्म पानी, अलाव, कंबल और दवाइयों सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम को देखते हुए अलाव और हीटर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी वृद्धजन को असुविधा न हो। उन्होंने वृद्धाश्रम में साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन और नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस पहल से वृद्धजनों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की देखभाल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण पर्यवेक्षक संतोष कुमार तिवारी और कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि शासन के निदेशों के अनुरूप वृद्धजनों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं

# कड़ाके की ठंड में कांपे लोग

## गलन ने बढ़ाई ठिठुरन; 20 से अधिक ट्रेनें 5 घंटे से अधिक लेट

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर , बुधवार की सुबह से ही लोगों को कड़ाके की ठंड और तेज गलन का सामना करना पड़ा। पछुआ हवा की रफ्तार बढ़ने से ठंड का असर और ज्यादा बढ़ गया। सुबह के समय खुले इलाकों में गलन ज्यादा महसूस की गई, जिससे लोग अलाव जलाते और गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। हालांकि मंगलवार की तुलना में बुधवार को कोहरा काफी कम रहा, लेकिन ठंड का असर कम नहीं हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को गोरखपुर का अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। ठंडी हवा चलने की वजह से लोगों को पूरे दिन गलन महसूस हो सकती है।

### मौसम वैज्ञानिक डॉ . कैलाश पांडेय ने बताया-

इस समय पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण वहां की ठंडी हवा पछुआ प्रवाह के जरिए गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंच रही है। इसी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

### ठंड और कोहरे के कारण गोरखपुर में ट्रेन की स्थिति

ठंड और मौसम की मार का असर रेल यातायात पर भी साफ नजर आया। मंगलवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से पहुंचीं। 15557 अमृत भारत एक्सप्रेस 16 घंटे से ज्यादा की देरी से पहुंची। गोरखधाम एक्सप्रेस 9 घंटे से अधिक लेट रही। 15566 वैशाली एक्सप्रेस 4 घंटे 13 मिनट, 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस 5 घंटे और 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। इसके अलावा 12512 राप्तीसागर एक्सप्रेस करीब 4 घंटे, 13020 बाघ एक्सप्रेस लगभग ढाई घंटे, 14010 चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 3 घंटे 35 मिनट और 19091 गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे की देरी से पहुंची।

# दूसरी लड़की संग भाग गया लिव इन पार्टनर

## गोरखपुर में युवती बोली- 7 साल साथ रहा, सगाई में 5 लाख लिए, फरवरी में थी शादी

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर , चौरीचौरा इलाके में रहने वाली 24 साल की युवती ने अपने लिव इन पार्टनर पर आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि 7 साल से वह सरदारनगर के युवक के साथ रह रही थी। इस दौरान युवक हमेशा शादी करने का विश्वास दिलाता था। मेरे साथ सगाई भी हुई। जिसमे 8 फरवरी 2026 को शादी का दिन भी तय हुआ। शादी के खर्च के नाम पर युवक ने युवती के घरवालों से 5 लाख रुपये भी लिए। इसके बाद वह देवरिया के बरहज की रहने वाली एक युवती के साथ फरार हो गया। जबकि युवती के घर पर शादी की तैयारी चल रही थी। युवती ने चौरीचौरा थाने में सोमवार को तहरीर देकर लिव इन पार्टनर सरदारनगर निवासी विकास विश्वकर्मा, उसकी मां ममता विश्वकर्मा, पिता लक्ष्मी नारायण, विशाल और साथ भागने वाली युवती नेहा मझवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। चौरीचौरा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चौरीचौरा क्षेत्र की रहने वाली युवती ने तहरीर देकर बताया कि 7-8 साल से विकास विश्वकर्मा साथ रह रहा था। वह हमेशा विश्वास दिलाता रहा कि वह मुझसे शादी करेगा। दोनों परिवार के सहमति पर 1 मार्च 2020 में मेरी सगाई विकास के साथ हुई। हम दोनों लोग अभी पढ़ाई कर रहे थे। इसलिए शादी की डेट 8 फरवरी 2026 को तय कर दी गई। शादी का दिन तय होने के बाद से ही विकास घर आने-जाने लगा। शादी व घरेलू आवश्यकताओं के नाम पर हमेशा पैसे लेते रहा। परिवार के लोगों ने 5 लाख रुपये ऑनलाइन दिया था। इसके अलावा कीमती सामान भी दिया गया था। अचानक 27 नवंबर को विकास नेहा के साथ फरार हो गया। नेहा ने फरार होने के बाद मुझे कॉल करके जान से मारने की धमकी भी दी। नेहा का पता था कि मेरी सगाई विकास के साथ हो चुकी है। फरवरी में शादी होनी है। 7-8 साल से वह मेरे साथ वैवाहिक जीवन भी बीता रहा था। इसके बाद भी नेहा विकास के साथ भाग गई। शुरू में पुलिस को विकास ने बताया कि वह नेहा के साथ सामान्य रूप से रहेगा। लेकिन वह यह सब कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए कह रहा था।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

**बुलंदशहर पुलिस ने 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत दिलाई सजा**

**अमन लेखनी समाचार**



बुलंदशहर। जनपद के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के एक आरोपी तौहीद पुत्र नसीर खां को अदालत ने 10 साल के कठोर कारावास और 7,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सु नाई है। यह फैसला 2 जनवरी 2026 को माननीय एडीजे एफटीसी-03 न्यायालय, बुलंदशहर के न्यायाधीश शिवानंद ने सुनाया। यह मामला वर्ष 2023 का है, जब अभियुक्त तौहीद ने वादी की बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में 1 दिसंबर 2023 को थाना अहमदगढ़ में मुअसं- 318/2023 धारा 376/506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 7 जनवरी 2024 को माननीय न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत इस मामले को चिन्हित किया गया था। बुलंदशहर की मॉनिटरिंग सेल ने माननीय न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप अभियोजन की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान अभियुक्त के विरुद्ध 7 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने में अभियोजक ध्रुव कुमार, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, पैरोकार हेड कांस्टेबल विपिन और कोर्ट मुहर्रिर कांस्टेबल अजीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दो सगे भाइयों ने 1.59 करोड़ ठगे

**एक गिरफ्तार, कामर्शियल प्लाट दिलाने के नाम पर हड़पे थी रकम**

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा,नकली अलाटमेंट लेटर, फर्जी एग्रीमेंट के जरिए अन्य कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना प्रोजेक्ट के बताकर धोखाधड़ी करने वाले एक जालसाज को सेक्टर 142 थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने एक व्यक्ति को कामर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के बहाने 1.59 करोड़ रुपए धोखाधड़ी की और जमीन भी नहीं दिलाई। पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो उसे धमकी देकर भगा दिया प्रॉपर्टी दिलाने का दिया झांसामामले में पीड़ित ने सेक्टर 142 थाने में केस दर्ज कराया था। जांच के बाद पुलिस ने उसे पकड़ा है। वहीं उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि सेक्टर 142 थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसे देवांश गौतम और विष्णु गौतम ने मिलकर प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा दिया। दोनों सगे भाई है। जालसाजों ने पीड़ित को जमीन की कीमत 1.59 करोड़ रुपए बताई। साथ ही रुपए भी ले लिए लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराया ।दबाव बनाने पर मिली धमकी दोनों भाईयों को जमीन नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगा तो उन्हें धमकी दी गई। आरोपी रुपए भी नहीं लौटाए तो मामले में सेक्टर 142 थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच के देवांश गौतम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ग्रेटर नोएडा एपक्स गोल्फ एवन्यू सोसाइटी में रहते हैं।

# न्यू ईयर पर 23 करोड़ की शराब पी गए नोएडावासी

**पिछले 3 साल का टूटा रिकॉर्ड, 4 लाख लीटर की हुई खपत; 17 करोड़ का मिला राजस्व**

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा ,नए साल का जश्न का खुमार ऐसा चढ़ा कि लोगों ने पिछले तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। महज एक रात में नोएडा वासी 23 करोड़ की 4 लाख लीटर शराब पी गए। इससे आबकारी विभाग को करीब 17 करोड़ का राजस्व मिला। जिसमें देसी, कंट्री लीकर, फॉरेन लीकर और बियर शामिल है। जबकि 2025 में भी करीब 21 करोड़ के आसपास शराब बिकी थी। नोएडा में 144 बार और रेस्टोरेंट है जिनको लीकर का लाइसेंस मिला है। वहीं 120 से ज्यादा अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए थे। नोएडा में 140 फॉरेन लिकर, 138 बीयर शॉप, 25 मॉडल शॉप, 231 देसी शॉप और 15 प्रीमियम रिटेल वेंडर की शॉप्स हैं। इन सबके डेटा को एकत्रित किया गया। जिसके बाद ये आकलन किया गया।देसी ने स्कॉच और व्हिस्की को पछाड़ा नए साल के जश्न में इस बार देसी शराब ने विदेशी स्कॉच, व्हिस्की को टक्कर दी। एक दिन में 1.50 लाख लीटर देसी शराब लोग पी गए। वहीं 1.17 लाख लीटर अंग्रेजी यानी स्कॉच और व्हिस्की पी गई। ठंड होने के बाद भी करीब 1 लाख लीटर बीयर लोग पी गए। ये तो तय है नोएडा वासियों ने जश्न और लीकर के मामले में सभी को पछाड़ दिया। साल दर साल बढ़ा आकड़ानोएडा में शराब का सेवन करने वालों का आकड़ा साल दर साल बढ़ रहा है। 2023-24 में नोएडा वासियों ने 9 करोड़ की शराब पी थी। जबकि 2024-25 में 21 करोड़ और 2025-26 में करीब 22 करोड़ की शराब लोग पी गए।

## दबंगों के हौसले बुलंद, गरीब महिला और परिवार को बेरहमी से पीटा, पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के थाना सुरसा क्षेत्र से खाकी को चुनौती देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ के ग्राम मढिया मजरा सरसैया की निवासी सुनीता देवी ने जिले के पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते न केवल महिला को सरेराह घेरा, बल्कि उसे और उसके परिवार को लाठी-डंडों से लहूलुहान कर दिया।पीड़िता के अनुसार, घटना 14 अक्टूबर 2025 की है जब वह अपने पुराने घर जा रही थी। तभी गांव के रामलडैते, रुद्रप्रताप और उनके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आए पीड़िता के पति शिवमूर्ति और सास परमी को भी बेरहमी से पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और हाथ तक टूट गए। दबंगों ने खुलेआम धमकी दी है कि ₹रास्ते से निकलना बंद कर दो, वरना जान से मार देंगे।₹हैरानी की बात यह है कि मेडिकल परीक्षण होने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षियों की ऊंची राजनीतिक पहुंच और आर्थिक रसूख के कारण स्थानीय पुलिस कार्रवाई से कतरा रही है। न्याय की आस में भटक रही महिला ने अब पुलिस अधीक्षक से दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है।

# डीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया, गांव बना छावनी

### 6 घंटे तक गरजा बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई ।कोतवाली क्षेत्र के खसौरा ग्राम पंचायत के दिउसीपुर गांव में मंगलवार को अवैध निर्माण पर तहसील प्रशासन का बुलडोजर चला ।5 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया ।बड़ागांव निवासी आदेश शुक्ला की ओर से जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी कि खसौरा ग्राम पंचायत के दिउसीपुर गांव निवासी अनिल, पवन, मंसुख व राधिका ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। जिलाधिकारी अनुनय झा के आदेश पर मंगलवार को एसडीएम सवायजपुर मयंक कुंडू, क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, नायक तहसीलदार राजेश कुमार पटेल, देशराज भारती, राजस्व निरीक्षक सुरेश कनौजिया, अशोक प्रतिहार, राजेश शुक्ला, प्रमोद पांडेय सरोज कुमार, लेखपाल आशीष यादव, सौरभ सिंह, रूबीना परवीन, बृजेश गुप्ता, शिवम पटेल, नीतीश, मंजेश, निखिल, रजत गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा के अलावा सांडी, बेहटा गोकुल, लोनार, सवावजपुर हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक,15 उप निरीक्षक समेत 20 थानों के 80 पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में करीब 5 घंटे तक तहसील प्रशासन के बुलडोजर ने अवैध निर्माण ध्वज कराया। तहसील प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया एक पखवारा पूर्व अवैध कब्जेदारों को नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। पर कब्जेदारों ने कब्जा नहीं हटाया। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कराया है ।डीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण ध्वस्त करायादिउसीपुर गांव बना पुलिस छावनी 5 घंटे तक गरजा बुलडोजर कोतवाली क्षेत्र के खसौरा ग्राम पंचायत के दिउसीपुर गांव में मंगलवार को अवैध निर्माण पर तहसील प्रशासन का बुलडोजर चला। 5 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया ।बड़ागांव निवासी आदेश शुक्ला की ओर से जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी कि खसौरा ग्राम पंचायत के दिउसीपुर गांव निवासी अनिल, पवन, मंसुख व राधिका ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। जिलाधिकारी अनुनय झा के आदेश पर मंगलवार को एसडीएम सवायजपुर मयंक कुंडू, क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, नायक तहसीलदार राजेश कुमार पटेल, देशराज भारती, राजस्व निरीक्षक सुरेश कनौजिया, अशोक प्रतिहार, राजेश शुक्ला, प्रमोद पांडेय सरोज कुमार, लेखपाल आशीष यादव, सौरभ सिंह, रूबीना परवीन, बृजेश गुप्ता, शिवम पटेल, नीतीश, मंजेश, निखिल, रजत गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा के अलावा सांडी, बेहटा गोकुल, लोनार, सवावजपुर हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक,15 उप निरीक्षक समेत 20 थानों के 80 पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में करीब 5 घंटे तक तहसील प्रशासन के बुलडोजर ने अवैध निर्माण ध्वज कराया। तहसील प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया एक पखवारा पूर्व अवैध कब्जेदारों को नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। पर कब्जेदारों ने कब्जा नहीं हटाया। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कराया है।

# दबंग कब्जाधारियों ने पुनः सरकारी भूमि पर खड़ी गन्ना की फसल काटी : प्रशासन असहाय

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। तहसील क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर में सरकारी खेतिहर भूमि पर बर्षों से गांव के कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगो का कब्जा है जिसकी शिकायती गांव निवासी राबेन्द्र कठेरिया ने सम्पूर्ण समाधान दिबस में शिकायत संख्या 25 दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को डी एम हरदोई के समक्ष पेश हो कर शपथ पर की थी जिसके सापेक्ष में उपजिला अधिकारी शाहाबाद अकित तिवारी ने दिनांक 29 दिसम्बर की तिथि नियत करते हुए उक्त भूमि की पैमाइस हेतु नायब तहसीलदार शाहाबाद संतोष कुमार कुशवाहा, लेखपाल रामविलास पैमाइस की जुम्मेदारी सौपी थी उघर शाहजहांपुर एसडीएम ज्ञानेन्द्र नाथ जी ने राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा , लेखपाल बिनोद कुमार सिंह आदि की टीम गठित करके सीमान्त निर्धारित करने का आदेश दिया दोनो जनपदो की राजस्व टीमे सीमान्त निर्धारित करने हेतु मौके पर पहुंची लेकिन सीमा का निस्तारण नहीं हो सका जिसके चलते सरकारी भूमि पर अबैध कब्जा धारको को बल मिला और उसी का भारती आदि की एक टीम गठित कर लाभ उठाते हुए बगैर सीमा निर्धारित हुए उक्त भूमि पर खडी गन्ना की फसल काट डाली जिसकी शिकायक रावेन्द्र कठेरिया द्वारा शाहाबाद तहसील मुख्यालय पर उपस्थित होकर राजस्व अधिकारियो लेखपाल से की गई उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे सीमा निर्धारित करने के लिए एसडीम शाहाबाद ने नायब तहसीलदार संतोष कुववाहा, व लेखपाल रामबिलास भारती आदि की टीम को पैमाइस सीमा के निर्धारित की जुम्मेदारी सौपी थी इस बाबत गन्ना काटे जाने पर एसडीएम सदर शाहजहांपुर ज्ञानेन्द्र नाथ ने कहा अभी दिखबा रहा हूं और चांदा चांदा पुर सर्किल के कानून गो से ए तो उन्होने अनविज्ञता जताई जबकि गुर्रा भमौली सर्किल के लेखपाल बिनोद कुमार सिंह नेकाल रिसीब नहीं किया और जब एसडी एम शाहाबाद अंकित तिवारी के सीयूजी नम्बर पर 12. बजकर 38 मिनट पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया तो जनाव मिला कि स्टोनो साहब बोल रहे है नगो से पूछा साहब अभी व्यस्त है इस प्रकरण मे पैमाइस टीम से नायब तहसीलदार ने कहा लेखपाल को मौके पर भेजा है और जब लेखपाल रामबिलास भारती से पूछा तो बोले अब जा रहा हूं।

# मिशन शक्ति को लगा दागः क्लास से घसीटकर शिक्षक की धुनाई, 'गुरु' की मर्यादा तार-तार!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, कछौना। उत्तर प्रदेश में एक तरफ सरकार 'मिशन शक्ति' के जरिए बेटियों को सुरक्षित और सशक्त बनाने का उद्घोष कर रही है, वहीं दूसरी तरफ कछौना नगर के एक इंटर कॉलेज से आई इस शर्मनाक खबर ने शिक्षा जगत को हिलाकर रख दिया है।एक शिक्षक पर छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने का गंभीर आरोप लगा है, जिसके बाद परिजनों के गुस्से का सैलाब स्कूल के भीतर तक पहुँच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार सुबह विद्यालय में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब 10-12 लोग अचानक क्लास में घुस गए। उन्होंने कक्षा 9 की छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेजने का आरोप लगाते हुए शिक्षक को सबके सामने क्लास से बाहर घसीट लिया।विद्यालय के मैदान में ले जाकर शिक्षक की जमकर पिटाई की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह वायरल हो गया है ।छात्रा के पिता का आरोप है कि उक्त शिक्षक काफी समय से उनकी बेटी को व्हाट्सएप पर अश्लील और अभद्र मैसेज भेज रहा था। दूसरी ओर, आरोपित शिक्षक ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने केवल 'गुरु-शिष्य' के भाव से बात की थी और चैटिंग में कुछ भी गलत नहीं है।वहीं इस मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है।पुलिस के अनुसार छात्रा के पिता ने शिक्षक के विरुद्ध अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत दर्ज कराई है। शिक्षक ने भी परिजनों द्वारा की गई मारपीट के खिलाफ शिकायत दी है। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच की जा रही है।सवाल यह उठता है कि अगर 'गुरु' ही भक्षक बन जाएगा, तो बेटियां स्कूल में कैसे सुरक्षित रहेंगी और क्या कानून को हाथ में लेकर इस तरह की हिंसा करना सही है इस घटना ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और नैतिक मूल्यों पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

## 18 वर्ष पूर्ण कर चुके किसी भी बच्चे का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए :उपजिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोईः नगर के बस स्टैंड पिहानी रोड पर स्थित बी एन डिग्री कॉलेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में पहुंचे उपजिलाधिकारी अंकित त्रिपाठी ने कॉलेज में उपस्थित छात्र छात्राओं को मतदाता सूची के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं बताया कि जो बच्चे 18 वर्ष हो चुके है और वो मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हुए है तो वे बच्चे मतदाता सूची में सम्मिलित होने के लिए फार्म 6 को भरकर अपने क्षेत्र के सम्बंधित निर्वाचक कर्मचारी/अधिकारी को दें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

# महिला आयोग की बड़ी कार्रवाईः सुरक्षा और स्वास्थ्य पर सख्त निर्देश, बांग्लादेश हिंसा पर डॉ. बबीता सिंह का कड़ा रुख

अमन लेखनी समाचार



हरदोई ।उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह ने शनिवार को अधिकारियों के साथ मैराथन समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि महिला संबंधी अपराधों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को पीड़ितों के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डॉ. बबीता सिंह ने आदेश दिया कि अस्पताल के गेट रात में भी खुले रहने चाहिए, ताकि किसी भी गरीब मरीज या तीमारदार को परेशानी न हो।मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे फिल्म की कमी और रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता पर उन्होंने शासन स्तर से जल्द समाधान का भरोसा दिया। एक लंबित मामले में सुपरवाइजर के निलंबन की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों का हनन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। 'लव जिहाद' के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सरकार हर संदिग्ध मामले पर पैनी नजर रख रही है। डॉ. सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को 'मानवता के खिलाफ बर्बरता' करार दिया। उन्होंने कहा, 'भारत हमेशा सहिष्णु रहा है, लेकिन पड़ोसी देश में हमारी बहनों के साथ जो हो रहा है, वह निंदनीय है।प्रधानमंत्री इस मामले पर गंभीर हैं और पूरा देश बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ खड़ा है।' इस अवसर पर आयोग की सदस्य और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मौत को दावत देते 'ओवरलोड' ट्रक, प्रशासन की चुप्पी से बिलग्राम चुंगी बनी 'डेंजर जोन'

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शहर की चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता की एक खौफनाक तस्वीर बिलग्राम चुंगी के पास से सामने आई है।यहाँ गन्ना सेंटरों से निकलने वाले ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक न सिर्फ शहर की रफ्तार रोक रहे हैं, बल्कि आम जनता की जान के दुश्मन भी बन चुके हैं।हाल ही में बिलग्राम चुंगी के पास एक ओवरहाइट ट्रक की चपेट में आने से एक विशाल पेड़ टूटकर सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त कोई वाहन पेड़ की जद में नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है; इन ट्रकों की वजह से आए दिन बिजली के केबल टूट जाते हैं, जिससे घंटों बिजली गुल रहती है और सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। गन्ना सेंटरों से संचालित होने वाले इन वाहनों पर न तो परिवहन विभाग की नजर है और न ही स्थानीय पुलिस की।क्षमता से अधिक ऊंचाई तक गन्ना लदे ट्रक बिजली के तारों और पेड़ों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। संबंधित विभागों को इस अराजकता की पूरी जानकारी है, लेकिन 'प्रभावी कार्रवाई' के नाम पर फाइलें दबी हुई हैं। स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है इन ओवरलोड ट्रकों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। हरदोई की सड़कों पर रेंगते ये 'मौत के सौदागर' प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता सबूत हैं। 'रोजाना का यही हाल है।कभी तार टूटते हैं तो कभी जाम लगता है। आज पेड़ गिरा है, कल कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार कुंभकरणी नींद में सो रहे हैं।' यदि समय रहते इन ओवरलोड वाहनों पर नकेल नहीं कसी गई, तो बिलग्राम चुंगी और आसपास के क्षेत्रों में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी सीधे तौर पर प्रशासन की होगी।क्या हरदोई प्रशासन जागकर कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर आम आदमी यूं ही इन हादसों का शिकार होता रहेगा

# जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस-जन संवाद मजबूत- एसपी सोनभद्र ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 07.01.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना एवं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। जनता दर्शन के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विश्वनाथगंज की टीम ने पहला क्वार्टर मैच जीता



अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। बाबा परमान तिवारी धाम बभनपुर में शिवपती देवी शिवदर्शन पांडेय सेवा समिति द्वारा प्रायोजित जय पंडित बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे दिन का प्रारंभिक मैच मोहित इलेविन संग्राम गढ़ प्रतापगढ़ और फौजी इलेविन विश्वनाथ गंज डलमऊ के बीच आरम्भ हुआ।फौजी इलेविन विश्वनाथ गंज टीम के आठ विकेट पर 134 रन के जवाब में मोहित इलेविन संग्राम गढ़ की टीम 09 ओवर में 82 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार विश्वनाथ गंज की टीम ने 52 रनों से विजय श्री हासिल की।दूसरे मैच में विजय इलेविन लहेंगा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 09 विकेट पर 98 रन बनाए जिसका पीछा करती हुई देवरी क्रिकेट टीम 9.3 ओवर में 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार 29 रनों से विजय हासिल करके विजय इलेविन लहेंगा टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में विजय 11 लहंगा ने 08 ओवर में 09 विकेट पर 77 रन बनाए ।मुकाबले में विश्वनाथगंज की टीम 06 ओवर 03 गेंद में 03 विकेट गंवाकर 81 रन बनाए और मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। हर्षित सिंह ने कॉमेंटेटर, गिरजेंद्र सिंह ने स्कोरर तथा राहुल सिंह और अमन दीप यादव ने अंपायर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के संचालक भूपेंद्र सिंह,भीम सिंह, उमापति त्रिपाठी, राधेश्याम यादव, अनुराग द्विवेदी, प्रभाकर सिंह,रिंकू पांडेय,अजय कुमार सिंह,अरविंद विश्वकर्मा,नरेंद्र यादव,संतराम यादव सहित सैकड़ों लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# हरदोई मेडिकल कॉलेज में 'किडनी' से पहले 'किराया' और 'कूल्हे' से पहले 'कमीशन' का सफल ऑपरेशन!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।चिकित्सा जगत में नित नए आविष्कार हो रहे हैं, लेकिन हरदोई के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने जो 'आर्थिक मॉडल' विकसित किया है, वह नोबेल पुरस्कार के योग्य है। यहाँ मरीज का ब्लड प्रेशर चेक हो न हो, लेकिन उसकी 'जेब का वजन' पहले ही नाप लिया जाता है। चर्चा है कि यहाँ के कुछ डॉक्टर 'सरकारी कुर्सी' पर बैठकर 'प्राइवेट तिजोरी' भरने की कला में माहिर हैं।वायरल वीडियो के 'कलाकारों' ने तो चिकित्सा जगत के सिद्धांतों को ही नया मोड़ दे दिया है। सरकारी अस्पताल में भर्ती होइए। प्राइवेट नर्सिंग होम का रास्ता पकड़िए। 'सेवा' के बदले 'दक्षिणा' चढ़ाइए। और फिर 'खाली जेब' के साथ 'स्वस्थ' भारत का सपना देखिए। मेडिकल कॉलेज के मुखिया जे.बी. गोगोई साहब इन दिनों 'शांति पथ' पर हैं। उनकी चुप्पी इतनी प्रभावशाली है कि लोग भ्रमित हैं कि वे कॉलेज के प्राचार्य हैं या किसी योग शिविर के मौन साधक।मीडिया के सवालों पर उनके पास एक ही 'जादुई मंत्र' है— ₹जांच कमेटी ।वहीं जानकारों का मानना है कि यह जांच कमेटी 'कछुए' की पीठ पर बैठकर चल रही है। जब तक यह कमेटी अपनी रिपोर्ट की फाइल खोलेगी, तब तक पीड़ित अरविंद का कूल्हा खुद-ब-खुद जवाब दे चुका होगा, लेकिन सिस्टम की फाइलें 'सुविधा शुल्क' के लेप से चमकती रहेंगी। कॉलेज प्रशासन ने शायद तय कर लिया है कि वे चिकित्सा के साथ-साथ 'टैक्स वसूली' का भी कोर्स शुरू करेंगे। यहाँ ऑपरेशन थिएटर की लाइटें जलने का मतलब मरीज का ठीक होना नहीं, बल्कि डॉक्टर साहब के 'नर्सिंग होम' के मीटर का तेज दौड़ना है। गरीब मरीज बेचारा समझ नहीं पा रहा कि वह अपना दर्द लेकर डॉक्टर के पास जाए या पुलिस के पास, क्योंकि यहाँ 'सफेद कोट' के नीचे 'काली कमाई' का ऐसा कॉकटेल तैयार किया गया है कि अच्छे-अच्छे सुरमा भी चकरा जाएं ।हरदोई का यह मेडिकल कॉलेज अब केवल बीमारियों का इलाज नहीं कर रहा, बल्कि 'गरीबी' का भी इलाज कर रहा है—मरीजों को इतना कंगाल बना दो कि उसे फिर कभी इलाज की जरूरत ही न पड़े। अब देखना यह है कि 'जांच कमेटी' की सुस्ती टूटती है या फिर 'साहब' का मौन ही इस कॉलेज की अंतिम नियति बनेगा।

# चोपन नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का हुआ स्थानांतरण, अखिलेश सिंह ने संभाला कार्यभार

अमन लेखनी समाचार




चोपन/सोनभद्र। नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, जो चोपन नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे थे, को शासन द्वारा स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं शासन के निर्देश पर नगर पंचायत डाला के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह को चोपन नगर पंचायत एवं ओबरा नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके क्रम में बुधवार को अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने नगर पंचायत चोपन पहुंचकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली और सभासदों ने अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह का स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देना, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए अधिशासी अधिकारी के सहयोग से चोपन नगर पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। वहीं अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत चोपन एवं ओबरा में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान सभासद दिव्यविकास सिंह, सलीम कुरैशी, अनिकेत रावत ,नरेश यादव,सुशील कुमार,नागेंद्र यादव, रामपरीखा विश्वकर्मा,अनिल जायसवाल, पंकज बिंद, लिपिक अंकित पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## पेड़ से टकराई कार, चालक व महिला गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

जिगना। स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव के सामने मिजार्पुरझ्प्रयागराज मार्ग पर बुधवार की शाम करीब पांच बजे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चालक सहित उस पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई में भर्ती कराया। घायल चालक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के लालगंज बाजार निवासी 48 वर्षीय सुरेश पांडेय पुत्र विंध्यवासिनी पांडेय के रूप में हुई है। कार में उनके साथ 40 वर्षीय सरिता पत्नी राकेश भी सवार थीं। बताया गया कि दोनों प्रयागराज से अपने घर लौट रहे थे।

# समाजसेवी रामबिहारी पाण्डेय ने गरीबों में बांटा कंबल




अमन लेखनी समाचार

बांसगांव , विकासखंड बांसगांव के ग्राम पंचायत देवडार खुर्द में समाजसेवी राम बिहारी पांडेय उनके सुपुत्र अमित पांडेय, संदीप पांडेय के सौजन्य से गरीब असहाय व्यक्तियों में लगभग 300 कंबलों का वितरण किया गया कड़ाके की ठंड में उनके द्वारा किए गए इस कार्य को पूरे ग्राम सभा में भूरी भूरी प्रशंसा की गई जो पात्र लोग इस ठंड में कंबल पाए उन्होंने राम बिहारी पांडेय एवं उनके परिवार को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दिया और इस कार्य को पुनीत कार्य बताया। आपको बताते चलें हर वर्ष जाड़े के मौसम में समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण का काम किया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्नर पांडेय ने समाजसेवी एवं सम्मानित लोगो से कहा कि अगर आप सक्षम हैं तो आगे बढ़कर के गरीबों असहयों के लिए काम करते रहना चाहिए इस अवसर पर गांव के सम्मानित नागरिक गण उपेंद्रनाथ पांडेय रमेश चंद्र पांडेय सुधाकर पांडेय विनोद गौतम अमित अनिल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

